कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना म.प्र.

क्रमांक / 1624 / विद्या / विद्यार्थी विज्ञान मंथन / 2022 / सतना, दिनांक :–24.09.2022

प्रति,

समस्त प्राचार्य, / प्रधानाध्यापक
शासकीय / अशासकीय माध्यमिक / हाईस्कूल / हायर सेकेण्ड्री विद्यालय
जिला सतना म0प्र0

विषय – विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2022–23 के संबंध में ।
संदर्भ – लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल का पत्र कं./अकादमिक/एक/वि.वि.म./2022/1779 भोपाल दिनांक 14.09.2022 ।

---00---

विषयान्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार एवं विज्ञान भारती द्वारा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6वीं से 11वीं तक के छात्र–छात्राओं की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है । चयनित विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप एवं राष्ट्रीय संस्थाओं में एक से तीन सप्ताह का भ्रमण कराया जायेगा । इस हेतु ऑनलाईन आवेदन का पंजीयन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2022 है तथा प्रतियोगिता परीक्षा 27 से 30 नवम्बर 2022 को डिजिटल मोड ऑनलाईन मोबाईल कम्प्यूटर टैब से दे सकते हैं ।

उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रति छात्र शुल्क राशि रूपये 200/– है, इस राशि में से 20 प्रतिशत राशि विद्यालयीन कार्य हेतु संबंधित विद्यालय का अंश होगा । इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कक्षा 6वीं से 11वीं तक के अधिक से अधिक छात्र–छात्राओं का पंजीयत कराना सुनिश्चित करें ।

संलग्न – उपरोक्तानुसार ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सतना म.प्र.

पृ0क्रमांक / 1625 / विद्या / विद्यार्थी विज्ञान मंथन / 2022–23 सतना, दिनांक :–24.09.2022

प्रतिलिपि –

01. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल ।
02. कलेक्टर जिला सतना ।
03. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा ।
04. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी समस्त जिला सतना ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सतना म.प्र.